# नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

UNIVERSITY OF LUCKNOW (Accredited A++ by NAAC)

**अलीगंज, लखनऊ**
(नैक द्वारा प्रत्यायित एवं मूल्यांकित ग्रेड-बी)
एवं
**लखनऊ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान**

## रजत जयंती समारोह

## उन्मेष-2022

महोदय/महोदया,

हर्ष के साथ सूच्य है कि द्विदिवसीय अन्तरमहाविद्यालयी साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समागम "उन्मेष"- 2022 का आयोजन किया जा रहा है।
इस अवसर पर आपकी गरिमामयी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

**समापन एवं पुरस्कार वितरण**

01 अक्टूबर, 2022 अपराह्न 01.00 बजे

**मुख्य अतिथि**
**श्री जितिन प्रसाद**
माननीय मंत्री, लोक निर्माण विभाग, उ.प्र. सरकार

**विशिष्ट अतिथि**
**डॉ. नीरज बोरा**
माननीय विधायक, लखनऊ उत्तर

**प्रो. अनुराधा तिवारी**
प्राचार्य

# नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

UNIVERSITY OF LUCKNOW (Accredited A++ by NAAC)

**अलीगंज, लखनऊ**
(नैक द्वारा प्रत्यायित एवं मूल्यांकित ग्रेड-बी)
एवं
**लखनऊ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में**

## रजत जयंती समारोह

## उन्मेष-2022

महोदय/महोदया,

हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि द्विदिवसीय अन्तरमहाविद्यालयी साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समागम उन्मेष 2022 का आयोजन किया जा रहा है।
इस अवसर पर आपकी गरिमामयी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

**शुभारम्भ**

30 सितम्बर, 2022 पूर्वाह्न 10.00 बजे

**कार्यक्रम अध्यक्ष**
**प्रो. निशी पाण्डेय**
प्रोफेसर ऑफ एमिनेंस
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

**मुख्य अतिथि**
**प्रो. राकेश चन्द्रा**
डीन, कला संकाय एवं विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग,
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

**प्रो. अनुराधा तिवारी**
प्राचार्य

प्रदेश की योगी सरकार और देश की मोदी जी की सरकार बेटियों की शिक्षा के लिए कटिबद्ध है। सरकार चाहती है कि बेटियाँ तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर आत्म निर्भर बने इसलिए सरकार बड़े पैमाने पर टैबलेट और मोबाइल फोन का वितरण कर रही है। उक्त विचार प्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री श्री जितिन प्रसाद ने आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीगंज में रजत जयंती के अवसर पर चल रहे साप्ताहिक कार्यक्रमों की शृंखला के अंतर्गत आयोजित साहित्यिक सांस्कृतिक समारोह के समापन के अवसर पर व्यक्त किये। श्री जितिन प्रसाद दो दिवसीय कार्यक्रम उन्मेष में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि जीवन का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां छात्राएँ अपनी मौजूदगी नहीं दर्ज करा रही हों। उन्होंने कहा कि छात्राओं का आदर्श कल्पना चावला जैसा होना चाहिये।इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद क्षेत्रीय विधायक डाक्टर नीरज बोरा ने कहा कि ये महाविद्यालय अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विख्यात है। उन्होंने कहा कि भविष्य में महाविद्यालय को जो भी आवश्यकता होगी वो सदा मौजूद रहेंगे।इस अवसर पर विशेष तौर से नगर निगम उपाध्यक्ष प्रदीप शुक्ला भी मौजूद रहे।प्राचार्य प्रोफेसर अनुराधा तिवारी ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई जी के सपनों का ये महाविद्यालय उनके सपनों को पूरा करने का अथक प्रयास कर रहा है। महाविद्यालय की पच्चीस वर्ष की यात्रा शानदार रही है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय पुनः नैक की तैयारी में लगा है और पूरी कोशिश होगी की अच्छा ग्रेड प्राप्त हो। उन्होंने अतिथियों सहित सभी का सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।समारोह का संयुक्त संचालन डाक्टर शालिनी श्रीवास्तव और डाक्टर पूनम वर्मा ने किया। महाविद्यालय में आयोजित की गई प्रतियोगिताओं मैचट सज्जा में नेताजी सुभाष से सृष्टि वर्मा प्रथम, पंडित दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज से संध्या गुप्ता द्वितीय, नेताजी सुभाष से राधिका गुप्ता तृतीय। फेस पेंटिंग में नेताजी सुभाष से निशा प्रथम, श्री जयनारायण पीजी कॉलेज से गायत्री द्वितीय, महिला पीजी कॉलेज से माही कश्यप तृतीय, सांत्वना पुरस्कार राधिका गुप्ता नेताजी सुभाष चंद्र बोस कॉलेज। काव्य पाठ में के के सी के सैयद शाह तकिर प्रथम स्थान पर, लखनऊ विश्वविद्यालय के अदिति चतुर्वेदी द्वितीय, नेता सुभाष जी की पिंकी तृतीय स्थान पर, सांत्वना पुरस्कार अमन कुमार त्रिपाठी सिटी लॉ कॉलेज से। मूक अभिनय में प्रथम स्थान दामिनी श्रीवास्तव, सुखमीत चावला, शिवा पांडे, शीतल सिंह, अंकिता मौर्या, नसरा बानो और स्तुति शुक्ला की टीम ने प्राप्त किया जबकि लखनऊ विश्वविद्यालय की आंचल वर्मा द्वितीय स्थान पर, तृतीय स्थान पर नेताजी सुभाष कॉलेज की निशा, राधा गौतम, मानसी, रिया यादव, तनु रावत की टीम रही, सांत्वना पुरस्कार नेताजी सुभाष कॉलेज की शिवा पांडे को दिया गया। मेंहदी प्रतियोगिता में नेताजी सुभाष कॉलेज की रंगोली गौतम प्रथम, दीन दयाल उपाध्याय राजाजीपुरम की मुस्कान शर्मा द्वितीय, काजल राजपूत तृतीय स्थान पर रही। एकल गायन प्रतियोगिता में नेशनल पीजी कॉलेज के कार्तिकेय रस्तोगी प्रथम स्थान, नेशनल पीजी कॉलेज की प्रभनूर कौर द्वितीय स्थान पर जबकि तृतीय स्थान पर केकेसी कॉलेज के ए. कुमार एवं तनिष्का सक्सेना नेशनल पीजी कॉलेज, सांत्वना पुरस्कार श्रद्धा श्रीवास्तव महमूदाबाद राजकीय डिग्री कॉलेज, नवयुग कन्या महाविद्यालय की सिमरन यादव एवं नेताजी सुभाष कॉलेज की कशिश को दिया गया। कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता में आंचल वर्मा प्रथम, द्वितीय स्थान पर सिद्रा हसन, आकृति सनम तृतीय। हेयर स्टाइल प्रतियोगिता में शिया पीजी कॉलेज की रूपाली प्रथम, नेताजी कॉलेज की आलिया बानो द्वितीय, इस्लामिया डिग्री कॉलेज की अंजली तृतीय,मुमताज पीजी कॉलेज की सानिया बानो को सांत्वना पुरस्कार। भाषण प्रतियोगिता में सिटी लॉ कॉलेज के अमन कुमार त्रिपाठी प्रथम, नेशनल पीजी कॉलेज की इला मिश्रा द्वितीय और लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वारिका नाथ पांडे तृतीय स्थान पर रहे। क्विज़/गोई प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नेशनल पीजी कॉलेज के हर्षित श्रीवास्तव जबकि नेताजी कॉलेज की पिंकी द्वितीय स्थान पर रही। निबंध लेखन प्रतियोगिता में नेताजी कॉलेज की माही बाजपेई प्रथम, जय नारायण पीजी कॉलेज की स्नेहलता नागर द्वितीय स्थान, नेशनल पीजी कॉलेज की प्रियांशी निगम तृतीय स्थान एवं करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स कॉलेज की सिद्रा हसन को सांत्वना पुरस्कार। रंगोली प्रतियोगिता में नेताजी सुभाष कॉलेज की रुचि वर्मा प्रथम स्थान, नेशनल पीजी कॉलेज की श्रुति द्वितीय स्थान , कैरियर कान्वेंट डिग्री कॉलेज की प्रियांशी गौतम तृतीय स्थान पर जबकि सांत्वना पुरस्कार नेताजी सुभाष कॉलेज की राधा कनौजिया को प्रदान किया गया।एकल नृत्य प्रतियोगिता में नेशनल पीजी कॉलेज के अमृत राजपाल एवं नेताजी सुभाष कॉलेज की मनीषा पांडे प्रथम स्थान पर, कैरियर कान्वेंट डिग्री कॉलेज के मनीषा सिंह और नेताजी सुभाष कॉलेज की खुशी अस्थाना द्वितीय स्थान पर, जबकि नेताजी सुभाष कॉलेज की पलक रस्तोगी तृतीय स्थान पर तथा नेशनल पीजी कॉलेज के मयंक मिश्रा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।











## अंतिम वर्ष की छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन किया गया



## 'तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनें बेटियां'



■ एनबीटी, लखनऊ : सरकार चाहती है कि बेटियां तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनें, इसलिए सरकार बड़े पैमाने पर टैबलेट और मोबाइल फोन का वितरण कर रही है। यह बातें लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने शनिवार को अलीगंज स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रजत जयंती समारोह के दौरान कहीं। इस बीच उन्होंने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। समारोह में स्थानीय विधायक डॉ. नीरज बोरा और प्राचार्य प्रो. अनुराधा तिवारी ने भी संबोधित किया।

## कल्पना चावला जैसा हो छात्राओं का आदर्श : जितिन



## सरकार चाहती है बेटियां तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर आत्म निर्भर बने : जितिन प्रसाद





राष्ट्रीय सहारा

2

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीगंज में रजत जयन्ती समारोह का आग़ाज़ हुआ



नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीगंज में आयोजित रजत जयन्ती समारोह की साप्ताहिक शृंखला के अंतर्गत आज दो दिवसीय साहित्यिक सांस्कृतिक समारोह " उन्मेष" का आगाज हुआ। समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ विवि के वरिष्ठ प्रोफेसर एवं कला संकाय के डीन राकेश चंद्रा एवं कार्यक्रम अध्यक्ष तथा विशिष्ट अतिथि, प्रोफेसर ऑफ इमिनेंस डाक्टर निशी पांडे के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रोफेसर राकेश चंद्रा ने कहा कि आज लड़कियों का युग है उन्हें अपनी झिझक छोड़ कर आगे बढ़ना होगा। यह वर्जनाओं का युग नहीं है, मनुष्य को स्वतंत्र चेतना के साथ स्त्री पुरुष के विभेद को छोड़कर संयुक्त भाव से समाज और संसार में प्रगति के पथ पर अग्रसर होना चाहिए। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रोफेसर निशी पाण्डे ने कहा कि प्रत्येक पुरुष में लड़कियों के गुण अर्थात् प्रेम संवेदनशीलता और करुणा होनी चाहिए जबकि प्रत्येक महिला में पुरुषों की निडरता और दृढ़ता होनी चाहिये।प्राचार्य प्रोफेसर अनुराधा तिवारी ने मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम अध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि दोनों ही महिला सशक्तिकरण और पुरुष की दृढ़ता का स्वरूप अर्थात् अर्ध नारीश्वर की परिकल्पना को साकार करते हैं। उन्होंने सभी का आह्वान किया कि पढ़ाई के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करोमूल्य है दो दिवसीय इस कार्यक्रम में राजधानी के लखनऊ विश्वविद्यालय सहित प्रमुख डिग्री कालेजों के अलावा आस पास के जनपदों के छात्र छात्राएँ हिस्सा ले रहे हैं। इस अवसर पर गीत, कविता , मूक अभिनय, नृत्य गायन मेहंदी, घटसज्जा, कहानी, किस्सा गोई, रंगोली, केश सज्जा,कोलाज मेकिंग, फेस पेन्टिंग, भाषण आदि की प्रतियोगिताएँ सम्पन्न हुई। जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों से आए हुए प्राध्यापकों ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया।कार्यक्रम का सफल संचालन सस्टेहक डाक्टर शालिनी श्रीवास्तव तथा तथा डाक्टर पूनम वर्मा ने संयुक्त रूप से किया।























**नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्नाकोत्तर महिला महाविद्यालय अलीगंज में...**

Edited by Voice of capital

youtu.be

https://youtu.be/U-q5BPo-Vzo

8:07 AM




**नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला डिग्री कॉलेज अलीगंज में...**

#lucknow #crime #crimere...

youtube.com

https://youtube.com/watch?v=TtNVJvlOlhs&feature=share

8:07 AM

RSLKC 01.10.2022.pdf

## लड़कियों को झिझक छोड़ आगे बढ़ना होगा : प्रो राकेश



## आज लड़कियों का युग है झिझक छोड़ कर आगे बढ़ना होगा : प्रो. राकेश चंद्र



## 'उन्मेष' कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ



www.jagran.com

## यह लड़कियों का युग, झिझक छोड़ आगे बढ़ना होगा : प्रो .राकेश



## 'प्रत्येक महिला में हो पुरुषों सी निडरता'



■ एनबीटी, लखनऊ: हर पुरुष में लड़कियों के गुण अर्थात प्रेम, संवेदनशीलता और करुणा होनी चाहिए। इसी तरह हर महिला में पुरुषों सी निडरता होनी चाहिए। ये बातें लखनऊ विवि की प्रो. निशि पांडेय ने शुक्रवार को अलीगंज स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उन्मेष साहित्यिक समारोह में कहीं। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे एलयू के प्रो. राकेश चंद्रा और प्राचार्य प्रो. अनुराधा तिवारी ने छात्राओं को सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने के लिए भी प्रेरित किया।

## सुभाष कॉलेज: दो दिवसीय उन्मेष शुरू

लखनऊ। सुभाष महाविद्यालय में दो दिवसीय साहित्यिक सांस्कृतिक समारोह उन्मेष का आगाज शुक्रवार को हुआ। रजत जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय कला संकाय के डीन प्रो. राकेश चंद्रा मौजूद रहे।

ता जी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रजत जयंती के अवसर पर दो दिवसीय श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई अंतर महाविद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ आज दिनांक 28 सितंबर 2022 को प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) अनुराधा तिवारी के नेतृत्व में के डी सिंह बाबू स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार ने किया। अपने उद्बोधन में छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि"व्यक्तित्व विकास मे खेलों का बहुत बड़ा योगदान होता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है " । इस अवसर पर नवयुग डिग्री कॉलेज, कालीचरण डिग्री कॉलेज, मुमताज डिग्री कॉलेज, महाराजा बिजली पासी राजकीय कॉलेज, शशि भूषण डिग्री कॉलेज, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय महिला महाविद्यालय और अवध डिग्री कॉलेज की बैडमिंटन टीमों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम संयोजक शारीरिक शिक्षा विभाग की डॉ. सविता सिंह रहीं। प्रतियोगिता का फाइनल मैच दिनांक 29 सितंबर को खेला जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने उपस्थित रहकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया।













दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय बैडमिंट...
www.voiceofcapital.page

**दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आगाज**

https://www.voiceofcapital.page/2022/09/Two--day-inter---college-badminton-tournament-begins.html

4:50 PM

## अन्तर महाविद्यालयी बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू

**लखनऊ** । नेता जी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रजत जयंती पर दो दिवसीय अटल बिहारी वाजपेई अंतर महाविद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को प्राचार्य प्रो. (डा.) अनुराधा तिवारी के नेतृत्व में केडी सिंह बाबू स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डा. सुधीर कुमार ने किया। अपने उद्बोधन में छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि 'व्यक्तित्व विकास में खेलों का बहुत बड़ा योगदान होता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। इस अवसर पर नवयुग डिग्री कॉलेज, कालीचरण डिग्री कॉलेज, मुमताज डिग्री कॉलेज, महाराजा बिजली पासी राजकीय कॉलेज, शशि भूषण डिग्री कॉलेज, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय महिला महाविद्यालय और अवध डिग्री कॉलेज की बैडमिंटन टीमों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम संयोजक शारीरिक शिक्षा विभाग की डा. सविता सिंह रहीं।

नेता जी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रजत जयंती के अवसर पर दो दिवसीय अंतरमहाविद्यालयी श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंतिम दिन फाइनल मुकाबले में नवयुग कन्या महाविद्यालय की साक्षी और अनामिका यादव विजेता रहीं तथा नेता जी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय महिला कॉलेज की भावना राय और मुनमुन उपविजेता रही। जबकि तृतीय स्थान पर महाराजा बिजली पासी की अलीशा सिंह और अनुप्रिया गुप्ता रही। सिंगल मुकाबले में खुन खुन जी पीजी कॉलेज की सुधा तोमर विजेता रहीं तथा नवयुग कन्या महाविद्यालय की साक्षी उपविजेता रही। तृतीय स्थान पर आस्था रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के वरिष्ठ बैडमिंटन प्रशिक्षक श्री देवेन्द्र कौशल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री शीलधर दुबे उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अनुराधा तिवारी जी ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री देवेंद्र कौशल, विशिष्ट अतिथि श्रीशीलधर दुबे एवं अतिथियों प्रतिभागी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए खेल की महत्ता पर अपने विचार रखे और बताया कि खेल, स्त्रियों के सशक्तिकरण के लिए अति आवश्यक है जिससे उनमें नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, निर्णय लेने की क्षमता आदि गुणों का विकास होता है, जिससे वे केवल अपना ही नहीं बल्कि परिवार, समुदाय और राष्ट्र के कल्याण के लिए समर्थ हो सकती हैं। मुख्य अतिथि श्री देवेन्द्र कौशल ने निजी अनुभवों को साझा करते हुए खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन एवं मार्गदर्शन किया। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर शील धर दुबे ने सेमी फाइनल में हार गई टीम को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम की आयोजन सचिव डॉ सविता सिंह शारीरिक शिक्षा विभाग ने 2 दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता सफल संपन्न कराई।कार्यक्रम का कुशल संचालन करते हुए डॉ सविता सिंह ने बताया कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए भी खेल जीवन का अभिन्न अंग होना चाहिए। कार्यक्रम में सहयोगी के रूप में सह आयोजन सचिव डॉ विशाल प्रताप सिंह,ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ विशाखा कमल, डॉ मीनाक्षी शुक्ला, डॉ रोशनी सिंह एवम डॉ राहुल पटेल ने पूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की उपस्थिति रही।











